**NEW DELHI MUNICIPAL COUNCIL**

- ***New Delhi VVIPs residents actively participated in Tree Plantation Drive***

- ***NDMC achieved 65 % target of tree plantation drive***

*New Delhi – July 29, 2017*

*"Trees are the essential part of not only the human life but the entire creatures of the universe and it does not only give us food and oxygen, but satisfy the needs of our modern life style."*

This has been observed by Minister of State for External Affairs, General (Dr.) V.K.Singh, while speaking to the media persons after planting a tree including mango at his official residence at APJ Kalam Road, New Delhi today.

The Minister said that the intensive tree plantation drive undertaken by New Delhi Municipal Council (NDMC) is a positive and laudable step which will play a vital role in maintaining ecological balance, climate control, ground water supply recharge and above all, prevent the transport of chemicals into stream and enrich the soil conservation.

He said that the Council should intensively plant the indigenous species so that can grow smoothly and sustain longer period. And added that most of the roads like Prthviraj Road,Lodhi Road, Aurvindo Marg, Sansad Marg, Moti Lal Nehru Marg, India Gate, Tughlak Road etc. are with single species like jamun, neem, imli, arjun etc. and planted with spacing of equal distance apart each and we should maintain this practice also.

In order to maintain and upkeep of environment, the tree plantation drive of NDMC is a worthwhile step towards the enhancement of green cover of New Delhi area said Minister of State (independent charge) for Youth Affairs and Sports, Government of India, Shri Vijay Goyal after planting tree including mango at his official residence Ashok Road in New Delhi today.

Member of Parliament, Smt.Meenakashi Lekhi planted trees in her official residence at Mahadeva Road in New Delhiincluding Awala and appreciated the green initiative taken by NDMC to enrich the greenery of New Delhi area and in lessening the pollution level of the capital city.

During the today's plantation drive in VVIPs residential area of New Delhi, the Member Parliament Shri Tarun Vijay, Shri

B.K.Prasad planted saplings at their residence. The former Foreign Minister of Nepal, Shri Prakash Saran Mahan has planted a sapling in the residence of Member Parliament Shri Tarun Vijay.

Saplings have been planted at the residences of Minister of Health and Family Welfare Shri J.P.Nadda and Minister of State for Minority Affairs (Independent Charge) Shri Mukhtar Abbas Naqvi at their official residences at Janpath and Safdarjung Lane respectively.

Leader of opposition in Delhi Legislative Assembly Shri Vijender Gupta has planted a sapling of mango tree at his residence at Pandara Park in New Delhi. An intensive plantation drive has been conducted at National Defence University, Jodhpur House led by Col. Neeraj Kumar Shukla and large numbers of saplings were planted on the occasion.

As many as 56 thousand saplings of different species of fruits, flowers, herbals, timbers and shrubs have been planted in today's third consecutive week. And by planting these saplings the NDMC has achieved the 65 percent target (6.56 Lakhs) against the target of 10 lakhs fixed for the current monsoon season so as to increase the green cover of NDMC area from 48 to 50 percent, informed the Chairperson, NDMC Shri Naresh Kumar.

# नई दिल्ली नगरपालिका परिषद्

- **नई दिल्ली मे रहने वाले अतिविशिष्ट गणमान्यों ने पालिका परिषद् के पौधारोपण कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई**

- **नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् ने इस वर्ष के पौधारोपण अभियान का 65 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया**

नई दिल्ली 29 जुलाई, 2017

*''वृक्ष न केवल मानव जीवन के लिए अपितु सम्पूर्ण प्रकृति की संरचनाओं के लिए भी एक अपरिहार्य अंग है क्योंकि यह न केवल हमे प्राणवायु के रूप में ऑक्सीजन देते हैं बल्कि यह हमारी आधुनिक जीवन शैली के लिए सभी संतुष्टकारी प्राकृतिक तत्व भी प्रदान करते हैं।''*

यह बात आज भारत सरकार के विदेश राज्यमंत्री जनरल (डॉ) वी.के.सिंह ने नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् के पौधारोपण अभियान के अन्तर्गत अपने एपीजे कलाम मार्ग, नई दिल्ली पर सरकारी निवास में आम का एक पौधा लगाने के उपरान्त पत्रकारों से बात करते हुए कही।

विदेश राज्यमंत्री ने कहा कि पालिका परिषद् द्वारा चलाया जा रहा यह पौधारोपण अभियान पारिस्थितिक सन्तुलन, जलवायु परिवर्तन और भू-जल संरक्षण और विभिन्न प्रकार के रसायनों से मृदा की संरक्षा के लिए एक सकारात्मक कदम है, जिसकी सराहाना किए जाने की आवश्यकता है और इस कार्यक्रम में सभी को शामिल होने की आवश्यकता है ।

जनरल (डॉ) वी.के.सिंह ने कहा कि इस सघन पौधारोपण अभियान में ऐसे स्थानीय मृदा के अनुकूल पौधों को लगाया जाना चाहिए, जो यहॉं लम्बे समय तक टिके रहने लायक हो । उन्होंने यह भी कहा पृथ्वीराज रोड, अरबिन्दो मार्ग, संसद मार्ग, मोती लाल नेहरू मार्ग, इंडिया गेट, तुगलक रोड इत्यादि पर एक ही प्रजाति के पौधे जैसे जामुन, नीम, ईमली, अर्जुन लगाए गए हैं, जो एक निश्चित

दूरी पर लगाए जाने के कारण, आज भी यहाॅ छायादार वृक्षों के रूप में अपनी हरियाली बिखेर रहे हैं । इस परम्परा को आगे बढ़ाया जाना जरूरी हैं।

भारत सरकार के युवा मामलों और खेल राज्यमंत्री श्री विजय गोयल ने अपने अशोक रोड स्थित सरकारी निवास स्थान पर आम का एक पौधारोपण करने के उपरान्त कहा कि नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् के पौधारोपण अभियान को नई दिल्ली की हरियाली को बढ़ाने और यहाॅं के पर्यावरण की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है जो नई दिल्ली में स्वच्छ जलवायु के निर्माण में सहायक होगा ।

पालिका परिषद् के इस पौधारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत नई दिल्ली की सांसद श्रीमती मीनाक्षी लेखी ने अपने महादेव रोड स्थित निवास स्थान पर आॅंवले और चिकू के पौधों का रोपण किया और कहा कि इस पौधारोपण अभियान से देश की राजधानी नई दिल्ली के वायु प्रदूषण में कमी आएगी और यहाॅं का पर्यावरण शुद्ध और स्वच्छ होने की ओर बढेगा जिससे यहाॅं के लोग स्वस्थ रह सकेगें ।

आज पालिका परिषद् द्वारा चलाए गए अभियान के अर्न्तगत नई दिल्ली के अतिविशिष्ट गणमान्य निवासियों के घरों में पौधे लगाए गए इसमें केन्द्रीय मंत्रीयों, राज्यमंत्रिीं, लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों इत्यादि के निवास स्थानो पर उनके द्वारा और उनके परिवारजनों द्वारा पौधे लगाकर इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई गई ।

अतिविशिष्ट गणमान्यों के इस पौधारोपण कार्यक्रम में सांसद, श्री तरूण विजय और श्री बी.के.प्रसाद इत्यादि सांसदों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और इस अवसर पर नेपाल के पूर्व विदेश मंत्री श्री प्रकाश शरण महान ने भी सांसद तरूण विजय के यहाॅं फलदार वृक्ष लगाकर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया । इस अवसर केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जे.पी.नड्डा और केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामलों के राज्यमंत्री श्री मुख्तार अब्बास नकवी के जनपथ और सफदरजंग लेन स्थित सरकारी निवास स्थानों पर उनके परिवारजनों ने पौधारोपण किया।

दिल्ली विधानसभा मे विपक्ष के नेता श्री विजेन्द्र गुप्ता ने पंडारा पार्क स्थित अपने निवास स्थान में आम का पौधारोपण किया । इस कार्यक्रम को नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी–जोधपुर हाउस ने कर्नल नीरज कुमार शुक्ला की अगुवाई में सघनता से चलाया और वहाँ कई प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् के अध्यक्ष श्री नरेश कुमार ने बताया कि इस बरसाती मौसम में पालिका परिषद् द्वारा चलाए गए पौधारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत आज 56 हजार पौधे लगाए गए, इनमें फल, फूल, औषधीय, ईमारती और झाड़ीदार पौधें शामिल है । उन्होंने कहा कि आज इस पौधारोपण कार्यक्रम में तीन सप्ताह ही हुए हैं और अभियान में 10 लाख पौधे लगाने के लक्ष्य की तुलना में 65 प्रतिशत सफलता प्राप्त कर ली गई है और अब तक छह लाख 56 हजार पौधे लग चुके हैं । श्री नरेश कुमार ने कहा कि यह अभियान नई दिल्ली क्षेत्र की 48 प्रतिशत हरियाली को 50 प्रतिशत हरियाली करने के लक्ष्य को समर्पित है ।



